मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने किया अग्रणी कंपनियों में उत्कृष्ट प्लेसमेंट हासिल**

नई दिल्ली, 28 मई, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल को विभिन्न विषयों में अपने छात्रों की उल्लेखनीय प्लेसमेंट उपलब्धियों की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के छात्रों ने प्रोमिनेंट ओर्गेनाइजेशंस में पोजिशन हासिल की हैं, जो जेएमआई में प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की उच्च क्षमता को दर्शाता है।

कुछ उत्कृष्ट उपलब्धियों में एक बी.टेक-कंप्यूटर इंजीनियरिंग छात्र ने 20.31 एलपीए के प्रभावशाली वार्षिक पैकेज के साथ इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) में स्थान हासिल किया है; एमए मास कम्युनिकेशन के दो छात्रों को कुकू एफएम द्वारा 12 एलपीए पर चुना गया; और बी.आर्क. प्रोग्राम के एक छात्र को स्टोनएक्स इंडिया में ग्रेजुएट आर्किटेक्ट ट्रेनी के रूप में चुना गया है, जिसका वार्षिक पैकेज 8.45 एलपीए है। इसके अलावा, एम.एससी. बायोसाइंसेज के दो छात्रों को 7.25 एलपीए के वार्षिक पैकेज के साथ आकाश इंस्टीट्यूट में सहायक व्याख्याता के रूप में चुना गया है, और विभिन्न एम.टेक कार्यक्रमों के आठ छात्रों को 6 एलपीए के वार्षिक पैकेज के साथ एस्सिस्टम द्वारा चुना गया है। प्लेसमेंट के इस दौर में एम.टेक-इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग और एम.टेक-इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से दो-दो छात्र और एम.टेक-मैकेनिकल से चार छात्र भी शामिल हैं।

पिछले महीने, तीन एमबीए छात्रों ने 6 एलपीए के पैकेज के साथ मदर डेयरी में प्लेसमेंट हासिल किया और एमबीए-बैच 2024 कार्यक्रम के एक छात्र को 7.8 एलपीए के वार्षिक पैकेज के साथ माई भारत, युवा मामले और खेल मंत्रालय में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में चुना गया है। इसके अतिरिक्त, अल्ट्राटेक सीमेंट ने छह छात्रों का चयन किया- तीन बी.टेक-सिविल और तीन एम.टेक-सिविल और बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग के चार छात्रों ने हैगरस्टोन में प्लेसमेंट हासिल किया है।

माननीय कुलपति प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ और विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम रिज़वी के कुशल नेतृत्व में प्रतिष्ठित कंपनियों में पर्याप्त वेतन पैकेज के साथ पद हासिल करने वाले छात्रों की उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

मानद निदेशक, प्रो. रहेला फारूकी, मानद उप निदेशक, प्रो. सबा खान और प्रोफेसर रिहान खान सूरी, प्रोफेसर (टीपीओ) और निदेशक सीआईईई ने छात्रों को उनकी जबरदस्त सफलता पर बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया